
## न्यूज डायरी



### जो बाइडन और शी जिनपिंग सोमवार को करेंगे डिजिटल शिखर वार्ता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच सोमवार शाम को बहुप्रतीक्षित डिजिटल शिखर वार्ता होगी। दोनों पक्ष अमेरिका–चीन संबंधों में आए तनाव को कम करने के इच्छुक दिख रहे हैं। वाइट हाउस दोनों नेताओं के बीच होने वाले इस वीडियो कॉल को लेकर बहुत अधिक उम्मीदें नहीं लगा रहा है। बाइडन इस दौरान इस बात पर जोर दे सकते हैं कि अमेरिका और चीन को दोनों देशों के बीच जटिल संबंधों में संघर्ष के क्षेत्रों को रोकने की आवश्यकता है। वाइट हाउस के अधिकारियों ने कहा कि बैठक से कोई बड़ी घोषणा होने की उम्मीद नहीं है। वाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने शिखर बैठक के समय की घोषणा करते हुए एक बयान में कहा कि दोनों नेता अमेरिका और चीन के बीच प्रतिस्पर्धा का जिम्मेदारी से प्रबंधन करने के तरीकों के साथ ही एक साथ काम करने के तरीकों पर भी चर्चा करेंगे।

### राष्ट्रपति भवन में कथित बलात्कार के प्रकरण की जांच हो रही है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेरिस। फ्रांसीसी अधिकारी इस साल राष्ट्रपति भवन एलिसी पैलेस में हुई कथित बलात्कार की वारदात की जांच कर रहे हैं। पेरिस के अभियोजक कार्यालय ने यह बात कही। फ्रांसीसी मीडिया ने यह भी खबर दी है कि कथित रूप से जब यह वारदात हुई तब राष्ट्रपति एमैनुल मैक्रों वहां नहीं थे बल्कि एक कार्यक्रम में गये थे। मैक्रों एलिसी पैलेस में ही रहते हैं। पेरिस अभियोजक कार्यालय ने कहा कि आरोपी कर्मी से 'सहायता प्राप्त गवाह' के रूप में पूछताछ की गयी , सहायता प्राप्त गवाह का तात्पर्य है कि उससे संभावित आरोपों से घिरे संदिग्ध के रूप में पूछताछ नहीं की गयी। कार्यालय ने इससे अधिक किसी बात की पुष्टि नहीं की तथा न ही कोई और ब्योरा दिया। एलिसी पैलेस ने भी कहा कि वह वर्तमान न्यायिक जांच पर टिप्पणी नहीं कर सकता। उसने कहा कि आरोपी को उसके पद से हटा दिया गया है और अधिकारी अब न्यायिक जांच के निष्कर्ष का इंतजार कर रहे हैं, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई के बारे में कोई फैसला किया जाएगा।

### मात्र 1 मिनट ट्रेन लेट होने पर सैलरी से कटे 36 रुपये

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** टोक्यो। भारत से उलट जापानी ट्रेनों को समय की पाबंदी के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है और देश में इसका पालन बहुत ही सख्ती से किया जाता है। ताजा घटना में मात्र 1 मिनट ट्रेन लेट होने पर ड्राइवर की सैलरी से 36 रुपये काट लिए गए। ट्रेन ड्राइवर ने अब अपनी रेल कंपनी जेआर वेस्ट के खिलाफ मुकदमा करके 14,42,857 रुपये का हर्जाना मांगा है। ड्राइवर की पहचान अभी सार्वजनिक नहीं की गई है। जापानी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक ड्राइवर को सुबह एक खाली ट्रेन को ओकायामा स्टेशन पर ले जाना था लेकिन वह दूसरे ड्राइवर से टेकओवर लेने के लिए गलत प्लेटफॉर्म पर लेकर चला आया। बाद में उसे अपनी गलती का अहसास हुआ और वह तुरंत भागकर सही प्लेटफार्म पर चला गया। इसकी वजह से दोनों ही ड्राइवरों के बीच ट्रांसफर में दो मिनट की देरी हो गई।

### प्लेन क्रेश में मल्टीटेलेंटेड एंटरप्रेन्योर वराइस की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। जेफ बेजोस की कंपनी ब्लू ओरिजिन की अंतरिक्ष के लिए दूसरी टूरिस्ट उड़ान में जाने वाले एंटरप्रेन्योर ग्लेन डी वराइस की गुरुवार को न्यू जर्सी में एक प्लेन क्रैश में मौत हो गई। वे 49 वर्ष के थे। उनकी मौत से शोकाकुल पिता ने बताया कि वराइस बहुत ही बेहतरीन शख्स थे। डी वराइस, प्राइवेट पायलट, मैराथन धावक, बालरूम डांसर होने के साथ ही एक मालिक्यूलर बायोलाजिस्ट भी थे। सीबीएस न्यूज से मिली जानकारी में बताया गया कि 90 साल के कनाडाई अभिनेता विलियम शैटनर समेत चार लोग अंतरिक्ष की सैर पर गए थे। बाकी के तीन यात्रियों में अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के पूर्व इंजीनियर क्रिस बोशुनिजन, क्लिनिकल रिसर्च एंटरप्रेन्योर ग्लेन डी वराइस और ब्लू ओरिजिन के वाइस प्रेसिडेंट और इंजीनियर आड्रे पावर्स थे।

# अंतरिक्ष में पैदा होगा इंसान धरती पर मनाएगा छुट्टियां

## दुनिया के दूसरे सबसे अमीर जेफ बेजोस ने की भविष्यवाणी

**निशाना**

- जेफ बेजोस ने अंतरिक्ष को लेकर एलन मस्क पर साधा निशाना
- एक दूसरी पृथ्वी बनाने जैसा होगा। फिर वहां पर 10 से 20 अरब लोग रह सकेंगे






**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अंतरिक्ष पर राज करने के लिए खजाना खोल चुके दुनिया के दूसरे सबसे अमीर इंसान जेफ बेजोस ने भविष्यवाणी की है कि एक दिन इंसान अंतरिक्ष में पैदा होगा। यही नहीं अंतरिक्ष में पैदा हुआ इंसान कुछ उसी तरह से धरती पर छुट्टी मनाने आएगा जैसे हम किसी पार्क में जाते हैं। स्पेस कंपनी ब्लू ओरिजिन के मालिक जेफ बेजोस ने कहा कि भविष्य में अंतरिक्ष में शहर बसेंगे और वहीं पर इंसानों का जन्म होगा।

वॉशिंगटन में ब्लू ओरिजिन के भविष्य को लेकर आयोजित एक चर्चा में बेजोस ने कंपनी की योजनाओं, अंतरिक्ष में खोज, धरती को बचाने जैसे मुद्दों पर अपनी राय रखी। उन्होंने अंतरिक्ष में बस्तियों को लेकर कहा कि ये एक तरह से तैरते हुए घरों की तरह से होंगे जहां पृथ्वी के मौसम और गुरुत्वाकर्षण की नकल की जाएगी। इन तैरते हुए घरों में 10 लाख लोग रह सकेंगे और वहां पर नदियां, जंगल और वन्यजीव भी होंगे।

**सदियों तक स्पेस में पैदा होंगे लोग, होगा उनका पहला घरः** बेजोस ने कहा, सदियों तक स्पेस में लोग पैदा होंगे और यह उनका पहला घर होगा। वे इन अंतरिक्ष की बस्तियों में पैदा होंगे, इसके बाद वे धरती की यात्रा पर जाएंगे। यह कुछ उसी तरह से होगा जैसे हम छुट्टियां मनाने के लिए यलोस्टोन नैशनल पार्क में जाते हैं। बेजोस ने बताया कि जब वह पढ़ाई कर रहे थे तब उन्होंने अपने एक भाषण में पहली बार अंतरिक्ष में बस्तियां बसाने की योजना पर अपने विचार साझा किए थे।

ऐमजॉन कंपनी के मालिक जेफ बेजोस ने कहा कि किसी दूसरे ग्रह पर जाकर वहां जिंदगी फिर से शुरू करने से बेहतर है कि अंतरिक्ष में बस्तियों को बसाया जाए। बेजोस ने कहा, अगर मंगल ग्रह को बदल देते हैं या इस तरह का कुछ नाटकीय करते हैं तो यह बहुत ही चुनौतीपूर्ण होगा और एक दूसरी पृथ्वी बनाने जैसा होगा। फिर वहां पर 10 से 20 अरब लोग रह सकेंगे।

**मंगल ग्रह को लेकर एलन मस्क पर साधा निशानाः** बता दें कि धरती के बाहर जीवन को कैसे विकसित किया जाए, इसको लेकर बेजोस और उनके धुर विरोधी अरबपति एलन मस्क के बीच वाकयुद्ध चल रहा है। एलन मस्क बेजोस को पछाड़कर इस समय दुनिया के सबसे अमीर इंसान बन गए हैं। मस्क की स्पेस कंपनी स्पेसएक्स का मुख्य लक्ष्य मंगल ग्रह पर बस्तियां बसाना है। इस तरह से बेजोस ने अंतरिक्ष में बस्ती बसाने का दांव खेलकर मस्क पर निशाना साधा है।

## टीपू सुल्तान के सिंहासन में लगे सोने के बाघ के लिए खरीददार ढूंढ रहा ब्रिटेन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। टाइगर ऑफ मैसूर कहे जाने वाले टीपू सुल्तान के नाम से ब्रिटिश हुकूमत कांपती थी। मैसूर के शासक टीपू सुल्तान जब तक जिंदा रहे वह अंग्रेजों के सबसे बड़े दुश्मन बने रहे। उनकी मौत के बाद अंग्रेजों ने मैसूर पर कब्जा कर लिया और उनके खजाने को लूट लिया। अब ब्रिटेन 18वीं सदी में टीपू सुल्तान के सोने से बने सिंहासन का हिस्सा रहे सोने से जड़े बाघ के सिर को खरीदने के लिए देश का कोई खरीददार ढूंढ रहा है। इसीलिए शुक्रवार को इसे अस्थायी रूप से प्रतिबंधित निर्यात की सूची में डाल दिया गया। यह सोने से बने बाघ का सिर है और इसमें हीरा, रूबी और पन्ना जैसे दुर्लभ रत्न लगे हैं। इसकी कीमत करीब 15 करोड़ रुपये आंकी गई है। अगर खरीदने वाला किसी दूसरे देश का होता है तो यह सोने का बाघ ब्रिटेन से बाहर जा सकता है। बताया जाता है कि ऐसे 5 बाघ मौजूद हैं और इस पर सोने से कुछ लिखा है जिसके रहस्य का खुलासा अभी तक नहीं हो सका है। मूल रूप से सोने के 8 बाघ बनाए गए थे।



## मिस्र में मिले राजा फराओ के मंदिर के 2400 साल पुराने अवशेष

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काहिरा। पिरामिडों के देश मिस्र में पुरातत्वविदों को राजा फराओ के भव्य मंदिर के 2400 साल पुराने अवशेष मिले हैं। इन अवशेषों में कई नक्काशीदार पत्थर हैं जिस पर रहस्यमय अभिलेख बने हुए हैं। इस खोज को मिस्र और जर्मन विशेषज्ञों के एक दल ने अंजाम दिया है। ये अवशेष हेलीपोलिस में मतरिया पुरास्थल पर मिले हैं। प्राचीन काल में मतराया प्राचीन हेलिपोलिस का हिस्सा हुआ करता था। ये नक्काशीदार पत्थर और टुकड़े बेसाल्ट से बने हैं और माना जाता है कि ये पश्चिमी और उत्तरी मोर्चे के राजा नेक्टानेबो प्रथम के मंदिर से संबंधित हैं। राजा नेक्टानेबो प्रथम ने प्राचीन मिस्र में चौथी शताब्दी ईसापूर्व में अंतिम राजवंश की स्थापना की थी।

# तालिबान ने इमरान खान को दिया करारा झटका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की यात्रा पर पहुंचे तालिबान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने इमरान खान सरकार को बड़ा झटका दिया है। मुत्ताकी ने कहा कि अफगान जमीन पर कोई भी पाकिस्तान विरोधी तत्व मौजूद नहीं है। तालिबानी विदेशी मंत्री का बयान पाकिस्तान के उस दावे के ठीक उलट है जिसमें इमरान सरकार आरोप लगाती रहती है कि टीटीपी और बलूच विद्रोही अफगानिस्तान में रहते हुए पाकिस्तान में हमले कर रहे हैं।

मुत्ताकी ने इमरान खान से मुलाकात के बाद आश्वासन दिया कि वे अफगान जमीन का

**कहा, अफगानिस्तान में नहीं हैं पाकिस्तान के दुश्मन**

इस्तेमाल किसी भी देश के खिलाफ न हो, इसके लिए पूरा प्रयास कर रहे हैं। तालिबानी विदेश मंत्री 20 सदस्यीय दल के साथ पाकिस्तान के दौरे पर आए हैं। अफगान विदेश मंत्री ने इस बात की पुष्टि की कि उनकी सरकार ने सैकड़ों पाकिस्तानी बच्चों की जान लेने वाले तहरीक–ए–तालिबान और इमरान सरकार के बीच बातचीत शुरू कराई है।

**सिराजुद्दीन हक्कानी की भूमिका पर साधी चुप्पीः** तालिबानी मंत्री ने यह नहीं बताया कि आईएसआई का पालतू और अफगानिस्तान का गृहमंत्री बना सिराजुद्दीन हक्कानी इस बातचीत में क्या भूमिका निभा रहा है। सिराजुद्दीन हक्कानी नेटवर्क का मुखिया है और तालिबान की जीत के लिए उसने भारी हिंसा की थी। इससे पहले पाकिस्तान के सूचना मंत्री फवाद चौधरी ने ऐलान किया था कि टीटीपी और सरकार के बीच सीजफायर पर सहमति बन गई है।

तालिबानी विदेश मंत्री ने आशा जताई कि टीटीपी और इमरान सरकार के बीच बातचीत को बढ़ाया जा सकता है और दोनों के बीच सीजफायर का स्वागत किया। उसने भी यह भी दावा किया कि अफगानिस्तान में हेल्थ सेक्टर में सभी महिला कर्मचारी वापस आ गई हैं।

## 75 फीसदी अफगान लड़कियां वापल लौटीं स्कूल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। अफगानिस्तान में तालिबान शासन ने दावा किया है कि देश में 75 प्रतिशत लड़कियों ने फिर से स्कूल जाना शुरू कर दिया है। डान की रिपोर्ट के मुताबिक, अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने शुक्रवार को कहा कि अफगानिस्तान में 75 फीसदी लड़कियों ने स्कूलों में अपनी पढ़ाई फिर से शुरू कर दी है। अगस्त में तालिबान ने अफगानिस्तान पर नियंत्रण करने के बाद स्कूलों को बंद कर दिया था और हजारों छात्राओं को उनके घरों में कैद कर दिया था, जिसकी अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने आलोचना की थी। तालिबान द्वारा अफगानिस्तान का अधिग्रहण युद्धग्रस्त देश की महिलाओं और लड़कियों के लिए उनके अधिकारों की रक्षा के आश्वासन के बावजूद कठिन रहा है। इससे पहले, तालिबान के नेतृत्व में अफगानिस्तान के शिक्षा मंत्रालय ने सभी माध्यमिक विद्यालयों को फिर से शुरू करने का निर्देश दिया था। हालांकि, निर्देश में केवल पुरुष छात्रों को ही स्कूल जाने की अनुमति दी गई थी, जिसमें लड़कियों की वापसी की तारीख का कोई जिक्र नहीं था।